श्री जी.एस. इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साईंस, इन्दौर

क्रं. निदेशक / 131 / 2024 / 81

दिनांक 19 / 04 / 2024

परिपत्र

संस्थान की अनुशासन समिति की बैठक दिनांक 12 / 04 / 2024 के तारत्म्य में बिन्दुओं के साथ संस्थान की नियमित खेल गतिविधियो को पुनः शुरू करने का निर्णय लिया जाता है:–

1. खेल के मैदान पर खेल रहे प्रत्येक छात्र के पास संस्थान का परिचय पत्र होना अनिवार्य होगा ताकि किसी भी समय संस्थान के प्रभारियों द्वारा जांच की जा सके।
2. खेल के दौरान छात्रो के बीच कोई विवाद की स्थिति बनती है तो सुरक्षाकर्मी तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर उसे रोकने का प्रयास करेगा। यदि छात्र फिर भी नही माने तो घटना का मोबाईल विडियो बनाकर इसकी सूचना सुरक्षा सुपरवाईज़र, वॉर्डन, सुरक्षा प्रभारी एवं खेल उपनिदेशक को तत्काल भेजा जावेगा।
3. संस्थान के क्रिकेट मैदान की सेंट्रल पिच एवं वॉलीबॉल टर्फ कोर्ट पर खेलने के लिये छात्रो को एक दिन पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा।
4. संस्थान में बिना पूर्व अनुमति के किसी भी परिस्थिति में संस्थान से बाहरी खिलाड़ियो / छात्रो / व्यक्तियो का खेलना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। यदि ऐसा कोई बाहरी खिलाड़ी / छात्र / व्यक्ति पाया जाता है तो उस पर एवं उसको लाने वाले छात्रों पर भी दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।
5. संस्थान में एक छात्र खेल अनुशासन समिति का गठन किया जावेगा जिसमें प्रत्येक ब्रांच के स्पोर्ट्स रिप्रेजेंटेटीव होंगे। इस समिति में प्रत्येक छात्रावास में से 1–1 छात्र को अनिवार्य रूप से सम्मिलित किया जाए जिसमें स्पोर्ट्स, एनसीसी तथा एनएसएस छात्रों को प्राथमिकता हो।

निदेशक

प्रतिलिपि :–

1. समस्त डीन्स
2. मुख्य छात्रावास अधीक्षक
3. प्रभारी खेलकूद
4. समस्त वार्डन्स
5. सुरक्षा सुपरवाईजर
6. समस्त सूचना पटल
7. अनुशासन समिति फाईल
8. संस्थान की वेबसाईड पर अपलोड हेतु
9. निदेशक कार्यालय की ओर सूचनार्थ